# Daily Current Affairs 24/03/2021

## 1. भारत को दुनिया में चौथी सबसे शक्तिशाली सेना का स्थान: 'मिलिट्री डायरेक्ट' स्टडी





- रक्षा मामलों की वेबसाइट मिलिट्री डायरेक्ट स्टडी **"अल्टीमेट मिलिट्री स्ट्रेंथ इंडेक्स"** के अनुसार, चीन के पास दुनिया की सबसे मजबूत सैन्य शक्ति है, जबकि भारत चौथे नंबर पर है।

  **पहली रैंक-** चीन (स्कोर- 82/100)
  **दूसरी रैंक-** अमरीका (स्कोर- 74/100)
  **तीसरी रैंक-** रूस (स्कोर- 69/100)
  **चौथी रैंक-** भारत (स्कोर- 61/100)
- दुनिया का सबसे ज्यादा सैन्य बजट अमेरिका (732 बिलियन अमरीकी डालर प्रति वर्ष) का है, चीन (261 बिलियन अमरीकी डालर) दूसरे स्थान पर है, इसके बाद भारत (71 बिलियन अमरीकी डालर) का नंबर है।
- **नोट: "अल्टीमेट मिलिट्री स्ट्रेंथ इंडेक्स"** की गणना बजट, सक्रिय व असक्रिय सैन्य कर्मियों की संख्या, वायु, समुद्र, जमीनी, परमाणु संसाधन, औसत वेतन व उपकरणों की संख्या समेत विभिन्न तथ्यों पर विचार करने के बाद तैयार किया गया है।

## 2. उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में जल जीवन मिशन की मदद करने को लेकर UNOPS ने डेनमार्क सरकार के साथ साझेदारी की






- **संयुक्त राष्ट्र परियोजना सेवा कार्यालय** (**UNOPS**) ने उत्तर प्रदेश में केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम, जल जीवन मिशन की मदद करने के लिए डेनमार्क सरकार के साथ एक साझेदारी की।
- डेनमार्क सरकार और UNOPS के बीच इस साझेदारी का उद्देश्य जल जीवन मिशन (जल कार्यक्रम) के लिए रणनीतिक तकनीकी सहायता प्रदान करना है।
- **UNOPS** जल की कमी से जूझ रहे उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र स्थित 11 जिलों में मापने योग्य डिलीवरी मॉडल स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- **नोट: जल जीवन मिशन** का लक्ष्य 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करना है। यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य-6 के अनुरूप है।

**3. मध्य प्रदेश में 'मिशन ग्रामोदय' शुरू किया गया**



- मध्य प्रदेश में, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'मिशन ग्रामोदय' शुरू किया।
- 'मिशन ग्रामोदय' के तहत, ग्रामीण क्षेत्रों में आवास की सुविधा प्रदान करने के अलावा, बुनियादी ढांचे का विस्तार भी किया जाएगा।
- **नोट: प्रधानमंत्री आवास योजना** के अंतर्गत, 3 लाख घरों का निर्माण कोरोना अवधि के प्रतिकूल परिस्थितियों में पूरा किया गया।
- मिशन ग्रामोदय कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के लगभग 1 लाख 25 हजार लाभार्थी परिवारों को मकान दिए गए।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW

### 4. पावरग्रिड ने प्रमाणित ई-टेंड्रिंग पोर्टल 'PRANIT' (प्रणीत) लांच किय

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड)** ने एक ई-टेंड्रिंग पोर्टल 'PRANIT' (प्रणीत) स्थापित किया है जिससे कागजी कार्य में कमी आएगी, संचालन में सुगम्यता होगी और निविदा प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी।

- इसे भारत सरकार के मानकीकरण, परीक्षण तथा गुणवत्ता प्रमाणन निदेशालय (STQC) द्वारा प्रमाणित किया गया है।
- इसके साथ ही पावरग्रिड भारत का एक मात्र संगठन बन गया है जिसके पास STQC द्वारा निर्धारित सुरक्षा और पारदर्शिता मानकों के परिपालन वाले SAP सप्लायर रिलेशनशीप मैनेजमेंट (SRM) पर ई-खरीद सॉल्यूशन है।
- **पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के बारे में:** यह भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के स्वामित्व वाली, एक भारतीय केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई और एक **महारत्न कंपनी** है जिसका मुख्यालय भारत के गुरुग्राम में स्थित है और मुख्य रूप से पॉवर ट्रांसमिशन में संलग्न है।

### 5. RBI ने बैंकिंग अनुप्रयोगों के मूल्यांकन के लिए बाह्य सलाहकार समिति का गठन किया




- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने एक स्थायी बाह्य सलाहकार समिति (SEAC) की स्थापना की जो यूनिवर्सल बैंकों और स्मॉल फ़ाइनैंस बैंकों (SFB) के लिए आवेदनों का मूल्यांकन करेगी।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW



इस समिति में पाँच सदस्य हैं, जिसमें RBI की पूर्व डिप्टी गवर्नर श्यामला गोपीनाथ चेयरपर्सन हैं। पैनल का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

- RBI के बारे में तथ्य:

  **मुख्यालय:** मुंबई

  **स्थापना:** 1 अप्रैल 1935

  **गवर्नर:** शक्तिकांत दास (25 वें गवर्नर)

**6. अरिंदम बागची ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का पदभार संभाला**



- भारतीय विदेश सेवा के 1995 बैच के अधिकारी अरिंदम बागची ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का पदभार संभाला।
- इससे पहले, वे मंत्रालय में उत्तरी विभाग में संयुक्त सचिव पद पर तैनात थे।
- अनुराग श्रीवास्तव के स्थान पर श्री बागची को विदेश मंत्रालय का प्रवक्ता बनाया गया है।

**7.** रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज़ टी 20 टूर्नामेंट: इंडिया लीजेंड्स ने श्रीलंका लीजेंड्स को हराया

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series | ENROL NOW




- रायपुर, छत्तीसगढ़ में रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज़ टी 20 टूर्नामेंट के उद्घाटन सत्र में सचिन तेंदुलकर के नेतृत्व वाली इंडिया लीजेंड्स ने तिलकरत्ने दिलशान की श्रीलंका लीजेंड्स को हराया और चैंपियन बनी।
- **प्लेयर ऑफ़ द सीरीज:** तिलकरत्ने दिलशान
- **नोट:** रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज़ एक टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता है जिसमें रिटायर्ड क्रिकेटरों को शामिल किया गया है और इसका आयोजन रोड सेफ्टी सेल ऑफ महाराष्ट्र द्वारा किया जाता है ताकि रोड सेफ्टी के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

## 8. 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार – 2019




- 22 मार्च 2021 को 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा की गई। पुरस्कार समारोह में वर्ष 2019 के लिए फिल्मों और कलाकारों को सम्मानित किया गया।
- फिल्म समारोह निदेशालय, एक संगठन जो सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत आता है, ने योग्य उम्मीदवारों को पुरस्कार दिए।
- **मुख्य पुरस्कार:**

| **श्रेणी** | **विजेता** |
|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म | 'मरक्कर अराबिक्कदालिन्ते सिम्हम' (मलयालम) प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित |



| | |
|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | कंगना रनौत (मणिकर्णिका, पंगा) |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | मनोज बाजपेयी (भोंसले) और धनुष (असुरन) |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री | पल्लवी जोशी (द ताशकंत फाइल्स) |
| सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता | विजय सेतुपति (सुपर डिलक्स) |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | संजय पूरन सिंह चौहान (बहत्तर हूरें) |
| सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका | सवानी रविन्द्रा (रन्न पेताला गीत के लिए) |
| सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्व गायक | बी प्राक (तेरी मिट्टी गीत के लिए) |
| सर्वश्रेष्ठ फिल्मसमालोचक | सोहिनी चट्टोपाध्याय |
| सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म | कस्तूरी (हिंदी) |
| सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी | जल्लीकट्टू (मलयालम) |
| सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म | छिछोरे |
| सर्वश्रेष्ठ गैर फीचर-फिल्म | एन एंजीनियर्ड ड्रीम |
| मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट | सिक्किम |
| बेस्ट बुक ऑन सिनेमा | संजय सूरी की ए गांधीयन एफेयर: इंडियाज क्यूरियस पोर्ट्रेयल ऑफ लव इन सिनेमा |

Gradeup UP State Exams Super Subscription
Access to all Structured Courses & Test Series
ENROL NOW

## 9. 24 मार्च, विश्व क्षय रोग दिवस (TB)




- विश्व TB दिवस 2021 का विषय '**द क्लॉक इज टिकिंग**' है।
- 1882 में इसी दिन की तारीख को चिन्हित किया गया जब डॉ रॉबर्ट कोच ने घोषणा की कि उन्होंने TB का कारण बनने वाले जीवाणु की खोज की थी, जिसने इस बीमारी के निदान और इलाज का रास्ता खोल दिया।

Gradeup UP State Exams Super Subscription | Access to all Structured Courses & Test Series ENROL NOW